Seventeenth Loksabha

Title: Need to take steps to remove railway line from Anwarganj to Manthna in Kanpur city.

माननीय अध्यक्ष : श्री सत्यदेव पचौरी जी।

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, शून्य काल में आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत साधुवाद करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान उत्तर-पूर्व रेलवे के इज्जतनगर मंडल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर नगर के अनवरगंज से मंधना रेलवे लाइन को हटाकर मंधना को पनकी से जोड़े जाने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस रेलवे लाइन को हटाए जाने की आवश्यकता व गंभीरता को दर्शाते हुए, इस संबंध में माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मैंने अनेकों बार पत्रों के माध्यम से और व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी आकर्षित किया है।

महोदय, मेरे संज्ञान में यह भी लाया गया है कि रेलवे द्वारा इस संबंध में फील्ड सर्वे भी कराया गया है और एस्टिमेट भी बनवाया गया है। अभी उस एस्टिमेट से आगे कार्रवाई नहीं बढ़ी है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को विस्तृत जानकारी देना चाहता हूं। यह 16 किलोमीटर की रेलवे लाइन कानपुर शहर के बीचों-बीच से जाती है, जिससे कानपुर शहर उत्तर और दक्षिण दो भागों में बंट जाता है। वहां 16 किलोमीटर की लाइन पर 18 फाटक हैं। 50 जोड़ी रेलगाड़ियां रोज यहां से निकलती हैं। हर 10 मिनट में फाटक बंद हो जाता है। जीटी रोड के समानांतर होने के कारण वहां फाटक बंद होता है और जाम लग जाता है। इस समस्या को गम्भीरता से स्वयं रेलवे ने लिया।

हाल ही में उत्तर-मध्य रेलवे ने एक सर्वे टीम वहां भेजी। उस सर्वे टीम ने भी अपनी रिपोर्ट माननीय रेल विभाग के उत्तर-मध्य जोन कार्यालय को भेज दी है। मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस रेलवे लाइन को हटाना कानपुर के विकास के लिए नितान्त आवश्यक है। मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे इस प्रस्ताव पर विचार करके रेलवे लाइन को हटाने के लिए आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : अगर सदन की अनुमति हो तो सदन का समय रात 10 बजे तक बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य : जी हां।